आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 07.11.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- सरकार ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन पांच दिवसीय दौरे पर कल द्वीपसमूह पहुंचे।
- नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग नवम्बर माह के दौरान दक्षिण, उत्तर और मध्य अंडमान जिलों की ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविर आयोजित करेगा।
- श्री विजयपुरम के विज्ञान केंद्र में स्कूली और कॉलेज विद्यार्थियों के लिए 'इनोवेशन हब' की शुरूआत की गई है।
- आईटीआई डॉलीगंज में कल रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

केन्द्र सरकार ने मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम–विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कल नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अब कुछ भी गिरवी रखे बिना ऋण ले सकेंगे। इस योजना के लिए पीएमविद्यालक्ष्मी पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है।

उधर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि तीन हजार छह सौ करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएम विद्यालक्ष्मी को कैबिनेट की मंजूरी से उच्च शिक्षा की बाधाएं दूर होंगी और देश के युवा अपने सपने साकार कर सकेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री प्रधान ने कहा कि यह योजना सुनिश्चित करेगी कि वित्तीय बाधाएं छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने से न रोकें।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन कल अंडमान निकोबार के पांच दिवसीय दौरे पर द्वीपसमूह पहुंचे।

आगमन के तुरंत बाद, अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने दक्षिण अंडमान के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और नगरपालिका परिषद के सचिव, जिला अस्पताल के सी एम ओ, उनके श्रमिकों, जिला श्रम अधिकारी और ई पी एफ विभाग के अधिकारियों के साथ–साथ अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों, व्यक्तिगत सफाई कर्मचारियों और संघ के नेताओं के साथ दक्षिण अंडमान के जिला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में समीक्षा बैठक की। बैठक में एमआरएफ केंद्र, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सीवर रखरखाव और आउटसोर्स, ठेकेदार एजेंसियों के मालिकों ने भी भाग लिया।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग आम जनता की सुविधा के लिए नवम्बर माह के दौरान दक्षिण, उत्तर और मध्य अंडमान जिलों की ग्राम पंचायतों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक विशेष आधार शिविर आयोजित करेगा। शिविर के दौरान आधार से जुड़ी कार्य किया जाएगा। आज और कल हम्फ्रीगंज, पर्णशाला, हरिनगर और गणेश नगर क्षेत्र में आधार शिविर लगेगा। ग्यारह और बारह तारीख को बिडनाबाद और हटबे में, तेरह और चौदह तारीख को छोलदारी, नेताजी नगर, सबरी और बसंतीपुर, उन्नीस और बीस तारीख को कोलीनपुर, इक्कीस और बाईस तारीख को फरारगंज, बकुलतला, रामपुर और शिबपुर, छब्बीस और सत्ताईस तारीख को विम्बर्लीगंज, अट्ठाईस और उनतीस तारीख को कन्यापुरम में तथा मध्योत्तर अण्डमान के कालीघाट में शिविर लगेगा। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि इस विशेष शिविर का लाभ उठाएं।

<><><><><><><>

नवें अखिल भारतीय अंतर साई कैनो स्प्रींट टूर्नामेंट दो हजार चौबीस–पच्चीस में श्री विजयपुरम के खिलाड़ियों ने सोलह पदक जीता है। साई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र अल्लेपी, केरल में खेले गए टूर्नामेंट में द्वीपों की पी निर्मला को सात पदक और ऋषिका कुमारी एक्का को छः पदक हासिल हुआ है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए द्वीपों के लिए और अधिक पदक जीतने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के विज्ञान केंद्र में स्कूली और कॉलेज विद्यार्थियों के लिए 'इनोवेशन हब' की शुरूआत की गई है। हब का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों को सहयोग करने और अभिनव को विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। हब में एक बहु–विषयक प्रयोगशाला है, जिसमें संसाधन केंद्र, आई डी ए लैब, डिज़ाइन स्टूडियो, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और भौतिकी–रसायन विज्ञान–जैव प्रौद्योगिकी अनुभाग, तोड़–फोड़–जोड़, कबाड़–से–जुगाड़ शामिल हैं।

इसमें मध्यम श्रेणी के उपकरण और वैज्ञानिक उपकरण भी हैं। हब का उद्देश्य विद्यार्थियों को नए डिज़ाइन विकसित करने, अभिनव परियोजनाओं, उत्पादों और शिल्प को तैयार करने में व्यस्त रखना है, ताकि इससे विद्यार्थियों के नई सोच को बढ़ावा मिल सके। इसके लिए विद्यार्थियों को निर्धारित शुल्क के साथ व्यक्तिगत या संस्थागत सदस्यता लेना अनिवार्य है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी कार्य अवधि के दौरान बीस नवंबर तक सुबह साढ़े दस बजे से शाम पांच बजे के बीच सदस्यता शुल्क के साथ फॉर्म भरकर विज्ञान केंद्र में अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दिए गए नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से आज लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर का विशेष अंक प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टर टी. मोहम्मद शमीम श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम आज शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

आईटीआई डॉलीगंज में कल रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग दो सौ उम्मीदवारों ने भाग लिया। श्रम आयुक्त श्रीनिवास राव कार्यक्रम में मुख्य अतिथ थे। अपने संबोधन में उन्होंने आईटीआई डॉलीगंज और एलएंडटी जैसे उद्योग भागीदारों के बीच सहयोग की सराहना करते हुए उम्मीदवारों को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। एल एंड टी, कांचीपुरम के प्रतिनिधि धरणी नटराजन ने एक कुशल कार्यबल को आकार देने में संस्थान की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में पचानवबे उम्मीदवारों को मौके पर ही चयन पत्र दिए गए। रोजगार मेला चौदह नवम्बर तक चलेगा।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग अट्ठारह नवम्बर को संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तर टियर–II परीक्षा आयोजित करेगा। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के ई–एडमिट कार्ड निर्धारित परीक्षा तिथि से तीन से चार दिन पहले आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

<><><><><><><>

निकोबार ज़िला पुलिस द्वारा कल महिला मंच का उद्घाटन किया गया। इस सत्र में गांव की महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संवाद के द्वारा महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं के समधान के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान करना है। ज़िला पुलिस अधीक्षक सन्नी गुप्ता के नेतृत्व में महिला मंच के पहले सत्र के दौरान पेरका गांव के सामुदायिक हॉल में पेरका और मलाका गांव की महिलाओं को पुलिस अधिकारियों ने संबोधित किया। ज़िला पुलिस अधीक्षक ने घरेलू हिंसा, शराब का सेवन और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में तीस से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र श्री विजयपुरम में जुलाई सत्र में प्रवेश के लिए कल इंडक्शन बैठक का आयोजन किया जाएगा। ऑनलाइन मोड पर शाम चार बजे से आयोजित होने वाले इस बैठक में गूगल मीट के माध्यम से भाग लिया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए वी आई पी रोड स्थित इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से आर जी टी पब्लिक स्कूल में बाल अधिकार, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा छात्रों को शिक्षित करना था। इस दौरान आदान–प्रदान सत्र का आयोजन किया गया। राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी के कार्यक्रम प्रबंधक के नेतृत्व में बाल कल्याण से संबंधित विषय पर जानकारी प्रदान की गई।

<><><><><><><>